# उन्नत भारत अभियान

उन्नत भारत अभियान  भारत सरकार द्वारा गांवों का विकास करने के लिए आरंभ की गई है। इस योजना को 11 नवंबर 2014 को आरंभ किया गया था। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से गांव में रहने वाले लोगों को उच्च शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत उन गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अभी तक पिछड़े हुए हैं। इस योजना को आईआईटी दिल्ली द्वारा समन्वित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कम से कम गांव का समूह तैयार करके उन गांवों को शिक्षा संस्थानों के साथ जोड़ा जाएगा और उन गांव की आर्थिक तथा सामाजिक रूप से मदद की जाएगी। वह सभी लोग जो इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं उन्हें आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन करने से पहले आवेदक को अपनी पात्रता की जांच करने अनिवार्य है। इस योजना के माध्यम से संपूर्ण देश का विकास होगा।

## उन्नत भारत अभियान योजना दूसरा संस्करण

मानव संसाधन मंत्रालय ने  25 अप्रैल 2018 को उन्नत भारत अभियान के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया है  इस योजना के तहत देश भर के 750 उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र गांवों को गोद लेंगे। इस योजना के अंतर्गत कालेज और विश्वविद्यालय के छात्रों को भी शामिल किया जायेगा। इस योजना के तहत कुल 748 संस्था कार्य कर रही है। जिसमे से  143 संस्थाए फेज -1 में और 605 संस्थाए भाग लेगी, जिसमे से 313 टेक्निकल संस्थाए और 292 नॉन टेक्निकल संस्थाए कार्यरत की जाएगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों तथा इस उन्नतभारत अभियान योजना के तहत सभी सस्थानों को पिछड़े ग्राम पंचायतों और गाँवों को अपने अनुभूति में लेने तथा उनके ज्ञान और विशेषज्ञता का प्रयोग ग्राम पंचायतों में होने वाले कमी और आने वाली सभी समयस्याओं को दूर करने के लिए कहा है। आप सभी लोग जानते है कि देश में बहुत से ऐसे गांव है जो आज भी विकसित नहीं है और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए है । इस समस्या को देखते हुए भारत सरकार ने इस  उन्नत भारत अभियान योजना  को शुरू किया है।   इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा प्रदान करना और   गांवों को विकसित  करना है| विभिन्न प्रकार की तकनीकों का इस्तेमाल कर देश की प्रगति की चुनौतियों का समाधान करना है ।     इस उन्नत भारत अभियान के ज़रिये ग्रामीण क्षेत्रो   के नागरिको   को उन्नति की की और ले जाना। इसके लिए उच्च शिक्षा के संस्थाओ को शामिल किया है , जो आर्थिक और सामाजिक विकास में मदद कर सके। इस योजना के ज़रिये गावो के लोगो का विकास होगा।

## उन्नत भारत अभियान का कार्यान्वयन

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा कुछ उच्च शिक्षा संस्थानों का चयन किया जाएगा। विषय विशेषज्ञ समूह तथा क्षेत्रीय सामान्य संस्थान इन चिन्हित संस्थानों का मार्गदर्शन करेंगे। आईआईटी दिल्ली उन्नत भारत अभियान का नेशनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट होगा।

सभी प्रतिष्ठित संस्थानों को चरणबद्ध तरीके से कवर किया जाएगा। चिन्हित संस्थान को धीरे धीरे गांव को गोद लेना होगा। इसके बाद इन चिन्हित संस्थानों के छात्र सभी स्थानीय समस्या तथा जरूरतों का अध्ययन करेंगे। इसके बाद संस्थान गोद लिए गांवों की समस्या का समाधान करने पर काम करेंगे। सभी संस्थानों से ये उम्मीद की जाती है कि वह जिला प्रशासन पंचायत को चुने हुए जन प्रतिनिधियों और अन्य हित धारकों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### *उन्नत भारत अभियान पृष्ठभूमि*

उन्नत भारत अभियान आरंभ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के द्वारा ग्रामीण विकास करने के लिए किया गया था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली काफी समय से ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम कर रहा है। सितंबर 2014 में एक नेशनल वर्कशॉप आईआईटी दिल्ली में आयोजित की गई थी। जिसके अंतर्गत उन्नत भारत अभियान का आरंभ करने का फैसला किया गया था। यह अभियान कई सारे ग्रामीण विकास के लिए काम कर रहे संगठनों से परामर्श करके आरंभ किया गया था।

### *उन्नत भारत अभियान की प्रगति*

20 नवंबर 2020 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्नत भारत अभियान की प्रगति जानने के लिए एक बैठक का आयोजन किया था। अब तक उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत 14 हजार से अधिक गांवों के साथ 26000 से अधिक भाग लेने वाले संस्थानों का एक नेटवर्क शामिल है। बैठक में यह बताया गया था कि 4650 ग्राम् सर्वेक्षण डाटा और 475702 घरेलू स्तर का सर्वेक्षण डाटा उन्नत भारत अभियान के पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से गांव सर्व शिक्षा संस्थानों से जुड़े रहे हैं। जिसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आईआईटी दिल्ली की सराहना की।

शिक्षा मंत्री ने सभी गांवों में 3 से 5 मुद्दों की पहचान करने को कहा है तथा भाग लेने वाले संस्थानों को इन पर काम करने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट की संख्या बढ़ाई जाने का प्रयास किया जाए। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा गांवों को इस योजना का लाभ मिले। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कर्नवायान में भी उन्नत भारत अभियान को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।